मध्य प्रदेश का यूनिटी मॉल उज्जैन में ले रहा आकार

- लगभग 5 .50 लाख वर्गफिट
- क्षेत्र में किया जा रहा है निर्माण

उज्जैन। श्री महाकाल मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश का यूनिटी मॉल उज्जैन में बनाया जा रहा है। यह मॉल महाकाल मंदिर जाने वाले हरिफाटक रोड पर उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

मॉल का डिज़ाइन उज्जैन की पौराणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें श्री महाकाल महालोक की वास्तुकला की झलक भी देखने को मिलेगी। 1 करीब 3.2 हेक्टेयर भूमि पर बनने वाले इस मॉल का निर्माण लगभग 5.50 लाख वर्गफुट क्षेत्र में किया जा रहा है। इसमें देश के प्रत्येक राज्य व केंद्र शासित प्रदेश के लिए 1050 वर्गफुट की 36 शॉप्स बनाई जा रही हैं। साथ ही मध्यप्रदेश के सभी जिलों के लिए 300 वर्गफुट की 55 दुकानें उनके विशिष्ट उत्पादों की बिक्री हेतु आवंटित की जाएंगी।

यूनिटी मॉल के मुख्य प्रवेश द्वार को भव्य स्वरूप देने के लिए इसे जैसलमेर येलो सैंड स्टोन से बनाया जाकर इसे 60 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है तथा प्रवेश द्वार पर स्थापित किये जाने वाले दो नंदी पिंक सैंड स्टोन से बनाये जाकर इसकी ऊंचाई 12 फीट और लम्बाई 12 फीट होगी। विभिन्न राज्यों के पत्थरों जैसे राजस्थान का पिंक सैंड स्टोन, जैसलमेर येलो सैंड स्टोन, मध्य प्रदेश का ग्वालियर मिंट का उपयोग किया जाकर सजावट के लिए कई प्रकार के पत्थरों पर की आकर्षक नक्काशी (स्टोन कार्निंग) भी लगाई जा रही है।

प्रसिद्ध पारंपरिक चित्रकला शैलियों जैसे कलमकारी, मधुबनी, पिछवाई, बंगाल पट्टचित्र, सिक्कीग्रास आर्ट, कांगड़ा शैली आदि का उपयोग कन्वेंशन सेंटर की फाल्स सीलिंग एवं अन्य स्थानों पर किया जाएगा। इसके माध्यम से भारत की विविध सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराओं की झलक एक ही स्थान पर देखने को मिलेगी। साथ ही मॉल के डिजाइन में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद (वट वृक्ष) की अवधारणा को भी शामिल किया जा रहा है तथा परिसर की सजावट में रुद्राक्ष का भी उपयोग किया जाएगा, जिससे परिसर को आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। कन्वेंशन सेंटर में 16000 वर्ग फीट का 1500 सीट क्षमता वाला हॉल, सुसज्जित 53 कमरे, कांफ्रेंस हॉल, 3 मीटिंग हॉल भी होंगे। पार्किंग के लिए बेसमेंट में 400 चार पहिया और 200 दो पहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। मॉल में शोरूम, मेगा मार्ट 20 छोटे कियोस्क आदि हेतु भी स्थान रखा गया है जिससे माल हेरिटेज, संस्कृति एवं आधुनिक रूप में दिखेगा।

ब्रोंज धातु से निर्मित एक अशोक स्तंभ भी

साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार पर एक ब्रोंज़ धातु से निर्मित एक अशोक स्तंभ स्थापित किया जा रहा है जिसकी ऊंचाई 28 फीट होगी एवं डीआईएस 25 फीट होगा। इसके अतिरिक्त देश के प्रत्येक प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्तंभ भी बनाए जाएंगे, जिससे यह परिसर भारत की एकता और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक बन सके तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना अनुसार अनेकता में एकता परिलक्षित होगी। 40 फीट ऊंचाई का प्रवेश द्वार तथा सांस्कृतिक स्वरूप देने के लिए विशेष सजावट की जा रही है।

मेरी इच्छा है उज्जैन में हों ओलंपिक गेम : डॉ. यादव

उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन पहुंचे, यहां नानाखेड़ा खेल स्टेडियम में 50 करोड़ की लागत से हॉकी टर्फ का पूजन किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि मेरी इच्छा है कि अब इस स्टेडियम में ओलंपिक के गेम हो।

सीएम डॉ.यादव ने कहा कि पहले कच्ची सड़कों पर खिलाड़ियों को दौड़या जाता था हमने जब कहा कि ऐसा कुछ करते हैं कि खिलाड़ियों को मदद मिले और इनका खेल प्रभावित न हो ऐसे में हमने प्रयास करके पुराने खेल स्टेडियम बनाए जो आज भी प्रासंगिक है। मंच पर उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया भी बैठे थे। उन्होंने कहा कि मैं हॉकी जिला एसोसिएशन का अध्यक्ष हूं और इस क्षेत्र में काफी कुछ सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाषण के दौरान

सांसद को भी बधाई दी और कहा कि संगठन ने अच्छा काम किया है इसके लिए भी बधाई के पात्र हैं। कई सारे खिलाड़ियों को स्टेडियम में सौगात मिली है। सारे खेल यहां खेले जा सकते हैं साथ ही उज्जैन का वैभव जिस प्रकार से महाकुंभ के माध्यम से बढ़ रहा है देश में चारों तरफ उज्जैन की कीर्ति फेल रही है यह उज्जैन के लिए बहुत अच्छा समय है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन के सभी स्विमिंग पूल को खेल विभाग को सौंपने के लिए मंच से घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भी जिक्र किया कि उनके कार्यकाल में भी हमने राशि मंजूर कराई थी और खेल का मैदान बनवाया था।

स्टेडियम में 45 बीघा जमीन, पवेलियन भी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुराने खेल मैदान पर खिलाड़ी आज भी खेलते हैं और अपना करियर बना रहे हैं इधर नानाखेड़ा स्टेडियम की जो 45 बीघा जमीन है। उस पर भी हमने सौगात दी है और आज यहां पर बड़े पैमाने पर खिलाड़ी खेल रहे हैं। सीएम खेल विभाग के अधिकारियों की तरह मुखातिब होकर बोला कि अरे भाई इसे उच्च गुणवत्ता वाला पवेलियन बनाना, इसी तारतम्य में आज हॉकी का टर्फ बनाए जाने के लिए भूमि पूजन किया है। देखना भाई वही कमिटमेंट करना जो बना सको हमारी साख की बात है।

मनस्विता बनीं माधव कॉलेज की ब्रांड एंबेसडर

उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनस्विता तिवारी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय टास्क फोर्स मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र सुरक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत की गई है। इसके साथ ही माधव कॉलेज किसी अंतरराष्ट्रीय महिला पैरा खिलाड़ी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने वाला मध्य प्रदेश का पहला कॉलेज बन गया है।

संघर्ष से सफलता तक का सफर

जन्म से ही सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित मनस्विता ने अपनी शारीरिक चुनौतियों को कभी अपनी राह का रोड़ा नहीं बनने दिया। उन्होंने पैरा खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। पैरा तैराकी में उन्होंने वर्ष 2013 से 2024 के बीच 17 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कांस्य पदक जीते हैं। वर्ष 2017 में दुबई में आयोजित एशियन पैरा यूथ गेम्स और वर्ष 2019 में हंगरी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन कैनो स्प्रिंट पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वर्ष 2024 में पैरा ताइक्वांडो में भी एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि मनस्विता के माध्यम से महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, सकारात्मक सोच और छात्र सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। कॉलेज के छात्र संघ प्रभारी डॉ. जफर महमूद ने बताया कि मनस्विता का माधव कॉलेज से गहरा पारिवारिक नाता भी है। उनके पिता स्वर्गीय डॉ. मनोज तिवारी इसी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर रहे थे।

निगम के कंट्रोल रूम का निरीक्षण

- महापौर ने वायरलेस सेट से अधिकारियों को किया निर्देशित

उज्जैन। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शनिवार को निगम कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए वायरलेस सेट के माध्यम से सभी फील्ड अधिकारियों एवं अतिक्रमण गैंग प्रभारी को निर्देशित किया कि नगर निगम से समस्त कार्यों को जिम्मेदारी से करना है। साथ ही अनावश्यक ना तो किसी को परेशान किया जाए।

इस बात का भी विशेष ध्यान रखें निगम की छवि का भी हमें ध्यान रखते हुए कार्य करना है। नगर निगम कंट्रोल रूम को अत्याधुनिक कंट्रोल रूम के रूप में विकसित किया गया है। 180 से अधिक वायरलेस सेट सभी फील्ड अधिकारियों, कर्मचारियों को दिए गए हैं। जिसमें रंगाई, पुताई, गार्डन विकसित, सीसीटीवी कैमरे, 24 घंटे शिफ्ट के अनुसार कर्मचारियों की उपस्थिति, वायरलेस सेट की मॉनिटरिंग हेतु अधिकारी उपस्थित रहते हैं। निरीक्षण में प्रकाश शर्मा, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, कंट्रोल रूम प्रभारी जितेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

एक नजर में

औदिच्य ब्राह्मण समाज ने मनाया फाग उत्सव

उज्जैन। श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज ट्रस्ट, छोटा सराफा उज्जैन के महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक रूप से मनाया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाए और भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। इस गरिमामय आयोजन के दौरान वरिष्ठ महिलाओं ने नई पीढ़ी को समाज, अपनी जड़ों, परंपराओं और अपनों से जुड़े रहने का सार्थक संदेश दिया। महिला मंडल की हेमलता मेहता ने बताया कि आयोजन में समाज की महिलाओं ने फूलों की होली खेली। ढोलक की थाप पर लोकगीत गाते हुए महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और सामूहिक नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय और उत्सवी हो गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्रिका ज्ञानी, सविता मेहता, सुजाता व्यास, वर्षा शर्मा, कल्पना शर्मा, रजनी रावल, विजय लक्ष्मी, गायत्री शर्मा, साधना मेहता, अनुराधा पाठक, संतोष रावल और सोनिया रावल सहित अनेक मातृशक्तियां उपस्थित थीं।

देवास गेट पर हुआ कड़ाव पूजन

उज्जैन। शहर में 8 मार्च को होने जा रहे अरुण वर्मा स्मृति उत्सव रंग पंचमी महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में महोत्सव के अंतर्गत आज विधि-विधान से कड़ाव पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन की जानकारी देते हुए वीरभद्र वर्मा ने बताया कि देवास गेट पर अरुण वर्मा द्वारा परंपरा शुरू की गई थी, उसे निरंतर आगे बढ़ाते हुए यह कार्यक्रम इस वर्ष भी उसी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उज्जैन शहर के उत्सव प्रेमी लोगों के लिए इस आयोजन में शाही कड़ाव, नहान, वाटर पार्क, डांस बार और स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था रखी गई है। कड़ाव पूजन कार्यक्रम में महामंडलेश्वर शैलेषआनंद महाराज, देवेंद्र तोमर और अजीत वर्मा उपस्थित थे। संचालन डॉ. संजीव जैन ने किया।

काम पर जा रही पत्नी पर चाकू से हमला कर भागा पति

- पति को छोड़कर अलग रह रही है महिला, शराब पीने का आदी पति

उज्जैन। शहर में हिंसक घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। बीते दिन एक पिता ने अपनी ही बच्ची को चाकू मारकर घायल कर दिया था। वहीं घरेलू हिंसाओं में फिर एक पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और भाग गया। मामला शनिवार सुबह काम पर जा रही पत्नी पर पति ने चाकू से हमला किया और भाग निकला। दोनों साल भर से अलग रह रहे हैं। पुलिस ने घायल पत्नी के बयान दर्ज किए हैं।

फाजलपुरा स्थित नगरकोट में रहने वाली नीतू पति भगवान सिंह 40 साल को सुबह घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। उसे चाकू के गहरे घाव लगे थे। डॉक्टर ने उपचार के बाद भर्ती किया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने पर सामने आया कि नीतू पर चाकू से हमला उसके पति ने किया है। पति भगवान सिंह मिस्त्री का काम करता है और शराब पीने का आदी है जिसके चलते नीतू साल भर से बच्चों को लेकर अलग रह रही थी। वह घरों में बर्तन साफ कर बच्चों का पालन पोषण कर रही है। सुबह काम पर जाते समय अचानक पति सामने आ गया और हमला कर भाग निकला। पुलिस ने नीतू के बयान दर्ज कर हमलावर पति की तलाश शुरू की है।

रंगपंचमी पर पुलिस की त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

- ड्रोन कैमरा से रखी जा रही नजर चेकिंग पाइंट पर तलाशी अभियान

उज्जैन। धार्मिक नगरी में आज सुबह रंगपंचमी पर निकलने वाली गैर और शाम को महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह दौरान आने वाले जनसैलाब की सुरक्षा के लिए पुलिस ने सुरक्षा की तैयारी शुरू कर दी है इस बार डिजिटल कवच के साथ त्रि-स्तरीय निगरानी शुरू कर दी है।

रंगपंचमी पर नगर गैर के साथ कृष्ण सुदामा रंग उत्सव का आयोजन सुबह के समय किया गया है, वहीं शाम को महाकालेश्वर मंदिर से निकलने वाली ध्वज यात्रा में भी आस्था के साथ रंग गुलाल दिखाई देगा। रंग उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री की भी मौजूदगी गृह नगर में होगी। जिसके चलते पुलिस प्रशासन द्वारा जनसुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम शुरू किए हैं। सुरक्षा के लिए डिजिटल कवच के रूप में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। शनिवार सुबह से ही पुलिस द्वारा निकलने वाली गैर मार्ग पर डिजिटल स्तर पर सघन चैकिंग अभियान शुरू कर दिया था। चैकिंग की निगरानी अधिकारियों द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। रंग पंचमी पर सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता और पुलिस अधीक्षकप्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई है। जो यह हर मार्ग की ऊंची बिल्डिंगो, संकरी गलियों और संवेदनशील चौराहों पर तीसरी आंख ड्रोन कैमरों के जरिए से नजर रख रही है।

प्रमुख चौराहों पर वाहनों की तलाशी

इस दौरान कोई अप्रिय वस्तु या पत्थर जमा ना कर सके इसके ध्यान रखा जा रहा है, साथ ही भीड़ के घनत्व की निगरानी कर रहे हैं। जिससे ट्रैफिक और भीड़ को समय रहते डायवर्ट किया जा सके। डिजिटल स्तर पर निगरानी के साथ शहर के प्रमुख चौराहा पर चेकिंग पाइंट लगाए गए हैं ताकि कोई असामाजिक तत्व हुड़दंग ना कर सके। चैकिंग पाइंट पर हाई-डेफिनिशन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने सभी चौराहों पर निरीक्षण कर तैनात जवानों को सतर्क रहने के निर्देश भी दिए हैं।

फाग महोत्सव मनाया

उज्जैन। महाकालेश्वर मंदिर नियमित दर्शनार्थी संगठन द्वारा रंग पंचमी की पूर्व संध्या पर सुदामा नगर स्थित बनखंडी हनुमान मंदिर परिसर में सुंदरकांड एवं फाग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संगठन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया और एक-दूसरे के साथ फूलों व गुलाल की होली खेली। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। संगठन के अध्यक्ष विनोद गुप्ता लाला एवं सह-संयोजक अजीत मंगलम ने बताया कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में विश्वभर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। शहर में ऐसे कई श्रद्धालु हैं, जो वर्षों से प्रतिदिन नियमित रूप से बाबा महाकाल के दर्शन के लिए जाते हैं। इन्हीं नियमित दर्शनार्थियों को मिलाकर इस संगठन का निर्माण किया गया है।

शिप्रा नदी में डूबते युवक को तैराक दल ने बचाया

- हरियाणा का रहने वाला है अंकित पिता राजेंद्र सैनी

उज्जैन। शिप्रा नदी में डूबते युवक को शनिवार सुबह मां शिप्रा तैराक दल और होमगार्ड जवानों ने नदी में छलांग लगाकर बचा लिया। युवक नहाते समय अचानक गहराई में चला गया था। देशभर से प्रतिदिन हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु शिप्रा स्नान और महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं।

शिप्रा नदी में श्रद्धालुओं के साथ हादसा ना हो इसको लेकर होमगार्ड की टीम लगातार पेट्रोलिंग करती रहती है वही मां शिप्रा तैराक दल के सदस्य भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। आज सुबह शिप्रा नदी के दत्तअखाड़ा घाट पर तैराक दल के संतोष सोलंकी और होमगार्ड जवान राहुल मंगलेश्वरी ने एक युवक को डूबते देखा तो तत्काल ही नदी में छलांग लगा दी। टीम के साथ युवक को कुछ देर में ही बचाकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। युवक हरियाणा का रहने वाला अंकित पिता राजेंद्र सैनी 23 साल था जो नहाते समय अचानक गहराई में चला गया था। वह अपने पिता और रिश्तेदार के साथ धार्मिक यात्रा पर आया था। होमगार्ड टीम द्वारा उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पुरानी रंजिश में 2 भाइयों के साथ दादा पर हमला

- भैंस चराने का युवक पर गांव लोगों ने लाठी डंडों से की मारपीट

उज्जैन। भैंस चराने का युवक पर गांव के ही 8-10 लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडों से हमला कर दिया। युवक से मारपीट की खबर भाई और दादा को मिली तो वह बीच बचाव करने पहुंचे। हमला वालों ने उन्हें भी पीट दिया। मामला ग्राम भगतपुर माकड़ोन का है। यहां रहने वाला दिनेश पिता इंदर सिंह गुर्जर 18 वर्ष शुक्रवार को भैंस चराने जंगल की ओर गया था जहां से वापस लौटते समय पुरानी रंजिश के चलते गांव में ही रहने वाले भगतसिंह, देवी सिंह, निर्भय, सोनू, तूफान, ईश्वर, कालू, मोकम, विष्णु, घनश्याम और आत्माराम ने लाठियां से हमला कर दिया। दिनेश के साथ मारपीट हो रही थी इसका पता भाई विनोद और दादा इंदु सिंह को लगा तो वह बीच बचाव करने पहुंचे लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी घेर लिया और बुरी तरह मारपीट की। दिनेश के साथ भाई और दादा के घायल होने पर उन्हें उपचार के लिए भगतपुर से उज्जैन लाया गया चरक अस्पताल में तीनों का उपचार चल रहा है। मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस अस्पताल में भर्ती घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

चौबीसी गान किया

उज्जैन। 14 माह तक चलने वाले वर्षीतप तपस्या के आराधको का सामूहिक बहुमान कार्यक्रम बड़नगर रोड स्थित अभ्युदयपुरम जैन गुरुकुल में आयोजित हुआ। जिसमें उज्जैन सहित अंचल के 21 से अधिक वर्षीतप आराधक शामिल हुए, सभी के सम्मान में विभिन्न महिला मंडल एवं समाज की महिलाओं ने चौबीसी गान किया। वर्षीतप आराधक कल्पना विजय सुराणा परिवार रहे। इस अवसर पर अभ्युदयपुरम ट्रस्ट मंडल के पदाधिकारी सुभाष दुग्गड़, अनिल शेखावत, संजय संघवी, संजय जैन खलीवाला, कैलाश नाहर इंदौर, संजय नाहर आदी ने लाभार्थी परिवार का सम्मान किया।

रंगपंचमी उत्सव... सिंहपुरी, कार्तिकचौक, भागसीपुरा से गुरु मंडली के अखाड़ों के साथ ध्वज निकाले जाएंगे

पंचमी पर आज दिनभर रंग, शाम को महाकाल की भव्य गेर

उज्जैन। रंगपंचमी आज रविवार की शाम महाकाल की गेर निकलेगी। सिंहपुरी, कार्तिक चौक और भागसी पुरा से भी गुर्जरगौड़ और औदिच्य ब्राह्मण समाज की ढोल, शौर्य प्रदर्शन करते गुरु मंडली के अखाड़ों व ध्वज के साथ गेर निकलेगी। महाकाल की गेर शाम 6 बजे मंदिर के सभामंडप में ध्वज-पूजन के पश्चात शुरू होगी।

गेर के अध्यक्ष आशीष पुजारी ने बताया पूजन में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों के साथ मंदिर समिति के लोग व पंडे-पुजारी शामिल रहेंगे। गेर में परंपरागत रूप से श्री वीरभद्र भैरवनाथ का रथ, सेहरा दर्शन की झांकी के अलावा रंगीन रोशनी से झिलमिल कई धार्मिक झांकियां, मधुर स्वर लहरियां बिखेरते इंदौर, उज्जैन व बाहर से बुलाए गए प्रसिद्ध बैंड शामिल रहेंगे। 51 ध्वजाओं के साथ चांदी का ध्वज भी निकलेगा। गेर महाकाल मंदिर चौराहा से शुरू होकर तोपखाना, दौलतगंज, नईसड़क, कंठाल, सतीगेट, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी होते हुए पुन: महाकाल मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। रंगपंचमी पर महाकाल को अल सुबह की भस्मारती में पुजारी एक लोटा केसर युक्त जल से बने रंग चढ़ाएंगे। मंदिर में कोई भी रंग गुलाल नहीं ले जा सकेगा। श्रद्धालुओं को चैकिंग के बाद ही मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा।

इधर महाकाल वन में कार्तिक चौक कुम्हारवाड़ा स्थित अति प्राचीन दक्षिणमुखी स्वयं-भू श्री वीर हनुमान मंदिर पर होली पर्व के अवसर पर परंपरागत रूप से फाग महोत्सव 10 मार्च मंगलवार की शाम 7 बजे से मंदिर के पुजारी गादीपति महंत पंडित जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया कि फाग महोत्सव में संगीतमय भजन संध्या होगी जिसमें सैकड़ों भक्त श्री वीर हनुमान जी महाराज को हर्बल रंग-गुलाल लगाकर फूलों से होली खेलेंगे। इस अवसर पर राधाकृष्ण की रास होली होगी एवं इत्र की वर्षा की जाएगी।

आज आरती में होगी गुलाल व फूलों की होली

गढ़कालिका मंदिर में आज रविवार को रंगपंचमी पर्व के अवसर पर परंपरा अनुसार शाम 6 बजे आरती में गुलाल व फूलों की होली खेली जाएगी। मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया कि रंगपंचमी पर्व के मौके पर मंदिर में फूलों से सजावट होगी। मां गढ़कालिका का विशेष शृंगार किया जाएगा। भोग लगाकर ढोल-नगाड़ों से आरती की जाएगी व भक्तों को प्रसाद वितरित होगा।

विश्व श्रवण दिवस मनाया

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर चरक भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कान से संबंधित बीमारियों से ग्रसित समस्त आयु वर्ग के हितग्राहियों की नाक, कान, गला सर्जन, डॉ. अंशु वर्मा एवं अन्य नाक, कान, गला चिकित्सकों, स्टाफ द्वारा जांच एवं उपचार दिया गया। शिविर में आरबीएसके टीम और डीईआईसी स्टाफ द्वारा बच्चों को शिविर में भेजा गया तथा जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र प्रबंधक विनिशा सोलंकी एवं स्टाफ द्वारा शिविर में सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में कुल 56 हितग्राहियों की जांच, उपचार प्रदाय किया गया।

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए रजिस्ट्रेशन 10 तक

उज्जैन। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले गेंहू विक्रय के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 मार्च कर दिया गया है। किसान भाइयों से आग्रह है कि वे अपने नजदीकी केंद्र पहुंचकर निर्धारित समयावधि के भीतर अपना गेंहू विक्रय पंजीयन अवश्य करा लें, ताकि समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय का लाभ प्राप्त किया जा सकें।